प्रसार भारती

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

28.03.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

प्र□नकाल

ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने कहा है कि 31 मार्च, 2026 तक 12 वर्ष पूरे करने वाले ग्राम पंचायत चौकीदार दैनिक वेतनभोगी बना दिए जाएंगे। शिमला में चल रहे प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र में आज प्रश्नकाल के दौरान विधायक रीना कश्यप और हरदीप सिंह बावा के सवाल के जवाब में उन्होंने ये बात कही। अनिरूद्ध सिंह ने कहा कि प्रदेश में 4 सौ 74 चौकीदार हैं, जिन्होंने 12 वर्ष पूरे किए हैं। उन्होनें कहा कि ग्राम पंचायत चौकीदार जिला परिषद का कैडर है और यह सरकार के अधीन नहीं आते है। इनको नियमित करने का मामला जब कैबिनेट में जाएगा तब इस पर विचार किया जाएगा। पंचायती राज मंत्री ने बताया कि राज्य में 3 हजार 7 सौ 73 ग्राम पंचायतों में 2 हजार 9 सौ 12 पंचायत चौकीदार कार्यरत हैं, जिसमें से 31 अगस्त, 2022 तक 12 वर्ष पूरा करने पर एक हजार 5 सौ 18 को दैनिक वेतनभोगी बनाया गया है। विधायक सतपाल सिंह सत्ती के सवाल के जवाब में उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि जल शक्ति विभाग में दिव्यांग श्रेणी के कर्मचारियों को 15 अप्रैल से पहले पदोन्नत कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय के आदेशों के अनुसार पदोन्नति में 4 प्रतिशत आरक्षण कोटे के तहत यह पदोन्नति की जाएगी। अग्निहोत्री ने कहा कि विभाग द्वारा इसके लिए विशेष समिति का गठन किया गया है। विधायक प्रकाश राणा के सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने घोषणा कि निजी भवनों में किराए पर चल रहे सरकारी कार्यालयों को खाली पड़े सरकारी भवनों में शिफ्ट किए जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे जी.ए.डी. को निर्देश देंगे कि खाली पड़े सभी सरकारी भवनों को अपने अधीन ले और इसके बाद संबंधित जिलों के डी.सी. इन भवनों में उन कार्यालयों को शिफ्ट करेंगे जो निजी भवनों में चल रहे हैं।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश में पेट्रोल–डीजल और एलपीजी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। शिमला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि मुख्य सचिव प्रतिदिन पेट्रोल डीजल की स्थिति की समीक्षा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश का संतुलित विकास हो रहा और भाजपा के पास कहने को कुछ भी नहीं है। सिर्फ राजनीतिक रोटियां सेकने के लिए बयानबाजी करते हैं। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने आरोप लगाया कि नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर बिना तथ्यों के अपनी बात रखते हैं।

सिकंदर कुमार

राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार ने सदन में हमीरपुर–सुजानपुर–पालमपुर सड़क को फोरलेन में बदलने का मामला उठाते हुए कहा कि ये मार्ग सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है और हजारों लोगों की देनिक जीवन रेखा भी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में बढ़ती यातायात की भीड़ और तंग सड़कों के कारण इस मार्ग पर फोरलेने का निर्माण समय की मांग बन गया है। डॉक्टर सिकंदर कुमार ने कहा कि बेहतर कनेक्टिविटी से स्थानीय व्यापार को मजबूती मिलेगी और कृषि उत्पादों व अन्य सामग्री को

मंडियों तक पहुंचाना आसान हो जाएगा। उन्होंने जनहित को देखते हुए केंद्र सरकार से इस परियोजना को प्राथमिकता देते हुए इसी वित्त वर्ष में फोरलेन में परिवर्तित करने का आग्रह किया।

पीएम–मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 132वी कड़ी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, एआईआर न्यूज़ वेबसाइट और न्यूज़ऑनएयर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी क्षेत्रीय भाषाओं में भी कार्यक्रम का प्रसारण होगा।

दुर्घटना–

कांगड़ा जिला के मैकलोडगंज के तहत घेरा के पास कल रात एक कार के खाई में गिरने से दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों में कार चालक करण बहादुर और एक लड़की करीना शामिल हैं। जबकि दो घायल महिलाओं को उपचार के लिए टांडा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कर करवाया गया है।